aglasem.com

FOR AP CLASS 10 PREPARATION

AP SSC Model Paper 2027 Hindi (Composite) First Language Paper II - Model Paper 2

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
AP Class 10	2027	Sample Paper	Hindi

BLUE PRINT & MODEL PAPERS OF SSC PUBLIC EXAMINATIONS FOR THE ACADEMIC YEAR 2026-27
BY THE DIRECTOR OF GOVERNMENT EXAMINATIONS (SSC BOARD), A.P.

08H

COMPOSITE - HINDI
MODEL PAPER-2
COMPOSITE COURSE - FIRST LANGUAGE - PAPER -II

Time : 1 hrs. 45 min. Max. Marks : 30

सूचनाएँ

1. परीक्षा की कुल अवधि । घंटा 45 मिनट हैं । इसमें प्रश्नपत्र पढने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित किया गया है ।
2. सभी प्रश्नों के उत्तर उत्तर - पुस्तिका में ही लिखिए ।

भाग – I (अंक – 18)

1. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए । $4 \times 1 = 4$

राजू की टांगे बहुत पतली और दुर्बल थीं । उसके घुटनों में शक्ति नहीं थी और अधिक समय तक वे उसके शरीर का भार बर्दाश्त नहीं कर पाती थीं । अतः वह ज्यादा देर तक खड़ा नहीं रह पाता था । इसीलिए उसे खेलने की मनाही थी । जन भी उनके स्कूल में मैच होता, राजू अपने साथियों को खेलते हुए । देखता और जोर - शोर से उनका उत्साह बढाता ।

प्रश्नः

अ) राजू की टांगे कैसी थीं ?

आ) किसके घुटनों में शक्ति नहीं थी ?

इ) राजू अपने साथियों में उत्साह कैसे बढाता था?

ई) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

2. निम्न लिखित कवितांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए । $4 \times 1 = 4$

रिमझिम - रिमझिम क्या कुछ कहते बूँदों के स्वर,
रोम सिहर उठते छूते वे भीतर अंतर ।
धाराओं पर धाराएँ झरती धरती पर,
रज के कण - कण में तृण - तृण को पुलकावलि थर ।।

प्रश्नाः

अ) बूँदों के स्वर कैसे हैं ?

आ) धाराएँ कहाँ झरती हैं ?

इ) उपर्युक्त पद्य में "अंतर" शब्द का अर्थ क्या है ?

ई) इस कविता के कवि कौन हैं ?

3. **निम्न लिखित कवितांश का भाव अपने शब्दों में लिखिए ।** $1 \times 4 = 4$

जिसने श्रम - जल दिया उसे

पीछे मत रह जाने दो,

विजीत प्रकृति से पहले

उसको सुख पाने दो ।।

(या)

अपूर्ण दोहों को पूर्ण कीजिए ।

रहिमन पानी ..... मानुष चून ।।

कनक कनक ..... बौराई ।।

4. **निमन लिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए ।** $6 \times 1 = 6$

अ) इस <u>संसार</u> में अनेक प्रकार के लोग हैं । (रेखांकित शब्द के लिए पर्यायवाची शब्द क्या है ?)

क) धरती ख) भारत ग) दुनियाँ

आ) राजू ने अपनी दादी के लिए <u>चिमटा</u> खरीदा । (रेखांकित शब्द का बहुवचन रूप पहचानिए)

क) चिमटे ख) चिमटो ग) चिमटाएँ

इ) भारत <u>प्राचीन</u> देश है । (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द क्या है ?)

क) पुराना ख) नवीन ग) संसार

ई) हम <u>भारतीय</u> हैं । (रेखांकित शब्द में प्रत्यय क्या है ?)

क) तीय ख) य ग) ईय

निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए ।

उ) किसान खेत में काम करते हैं । (इस वाक्य में क्रिया शब्द पहचानकर लिखिए ।)

ऊ) आज मैं पाठशाला नहीं जाऊँगा । (उपर्युक्त वाक्य में सर्वनाम शब्द पहचानकर लिखिए ।)

भाग - II (अंक - 6)

निम्न लिखित प्रश्नों में किसी एक प्रश्न का उत्तर अपने शब्दों में लिखिए । $1 \times 6 = 6$

5. मेहनत करने वालो को आगे रहने के लिए कवि ने क्यों कहा ?

(या)

जल के स्त्रोतों के रख-रखाव के बारे में आपके सुझाव क्या हैं ?

भाग - III (अंक - 6)

निम्न लिखित प्रशनों में किसी एक प्रश्न का उत्तर आपने विचारों के आधार पर लिखिए

$1 \times 6 = 6$

6. बड़े बुजुर्गों के प्रति आदर, स्नेह और श्रद्धा की भावनाओं का महत्व 'ईदगाह' कहानी के आधार पर बताइए ।

(या)

हिन्दी भाषा सीखने से क्या - क्या लाभ हैं ? और इसका महत्व बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।